मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-195
13/04/2021

मुख्यमंत्री ने राज्यवासियों को बैसाखी की शुभकामनायें दीं

पटना, 13 अप्रैल 2021 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने राज्यवासियों एवं देशवासियों को बैसाखी की शुभकामनायें दीं।

मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि बैसाखी का पर्व किसानों के जीवन में उमंग और उल्लास का संदेश देता है। फसल तैयार होने पर खुशी व्यक्त करने वाला यह पर्व देश के विभिन्न भागों में विविध लोक पर्वों के रूप में मनाया जाता है।

मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में आगे कहा कि इस पर्व पर हमें समाज में समरसता तथा पारस्परिक सौहार्द्र बढ़ाने और समर्पण की भावना से सेवा का संकल्प लेना चाहिए।

वर्तमान में कोरोना वायरस के संक्रमण को देखते हुये प्रत्येक व्यक्ति का सचेत रहना नितान्त आवश्यक है। इसका सबसे अच्छा उपाय सोशल डिस्टेंसिंग है। आप सब लोग घर के अंदर रहें, आपके सहयोग से ही इस महामारी से निपटने में सफलता मिलेगी।

*****